# जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत चल रहे कार्यो के सम्बन्ध में आयोजित समीक्षा बैठक दिनांक 20.12.2022 का कार्यवृत्त।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा दिनांक 20.12.2022 को की गयी, जिसमें जल निगम (ग्रामीण), जनपद में नामित कार्यदायी संस्था मेसर्स एल.सी.इन्फ्रा, मेसर्स जीए विश्वनाथ तथा मेसर्स केएलएसआर/डीपीएमयू/टीपीआई/आईएसए के निम्न अधिकारी एवं उनके कर्मचारी उपस्थित थे।

1– श्री प्रशांत नागर आई.ए.एस. मुख्य विकास अधिकारी, मऊ।
2– श्री एम0ए0 किदवाई, अधिशासी अभियन्ता,जल निगम (ग्रामीण), मऊ।
3– श्री नन्दलाल सिहं (से0नि0 उपजिलाधिकारी) जिला समन्वयक डीपीएमयू, मऊ।
4– श्री के0 भाष्कर, प्रतिनिधि मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा।
5– श्री प्रभात जेमिनी प्रतिनिधि मेसर्स जी.ए. विश्वनाथ।
6– श्री मनोज सिंह प्रतिनिधि मेसर्स के.एल.एस.आर।
7– श्री दीपक शुक्ला, डी0पी0एम0, टीपीआई संस्था।
8– श्री प्रदीप केशरी, डीपीएमयू।
9– श्री नीरज कुमार पाण्डेय, डीपीएमयू एमआईएस।
10– श्रीमती शिखा तिवारी, प्रतिनिधि समाज कल्याण ग्रामोद्योग संस्थान (आईएसए)
11– श्री बृजेश गिरि, प्रतिनिधि अभिनव बाल एवं ग्रामोत्थान समिति (आईएसए)

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चल रहे कार्यों के सम्बन्ध मे विस्तृत समीक्षा की गयी एवं निम्न निर्णय/निर्देश दिये गये–

1– बैठक में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत चल रहे टयूबवेल, ओवर हेड टैंक, पम्प हाउस, पाईप लाईन से सम्बन्धित निर्माण कार्यों की प्रगति के सम्बन्ध में समीक्षा करने पर यह तथ्य पाया गया कि टयूबवेल एवं उसके निर्माण कार्यो की प्रगति बहुत कम है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा निर्माण कार्य की प्रगति को बढ़ाने हेतु जो सुझाव प्रस्तुत किये गये उसके अनुसार मेसर्स एल.सी.इन्फ्रा को कम से कम 10 रिग (RIG) मशीन, 10 कम्प्रेशर एवं 10 ओ.पी. यूनिट तत्काल कार्य पर लगाये जाने के निर्देश दिये गये।

2– कार्य स्थलों पर सोलर पैनल की प्रगति की समीक्षा करने पर सोलर पैनल लगाने के कार्य की प्रगति बहुत ही मन्थर गति से होना परिलक्षित हो रही है। इस कार्य मे प्रगति लाने के लिये कार्यदायी संस्था मेसर्स एल.सी.इन्फ्रा को निर्देशित किया गया कि कम से कम 12 सोलर पैनल फिक्सिंग की गैगं तत्काल कार्य पर लगाया जाना सुनिश्चित करें।

3– परियोजनाओं के निर्माण की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स एल.सी.इन्फ्रा द्वारा कार्य स्थल पर लगभग 700 श्रमिकों को लगाया गया है। निर्माण परियोजनाओ की संख्या के

Scanned with OKEN Scanner

सापेक्ष श्रमिको की संख्या बहुत ही कम है। कार्यदायी संस्था के उपस्थित प्रतिनिधि के. भास्कर को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर श्रमिकों की संख्या दोगुनी करते हुये कार्य स्थल पर 1500 श्रमिकों को लगाया जाना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन कार्य स्थल पर श्रमिकों की संख्या का पर्यवेक्षण करते हुये अवगत करायें तथा विभाग/टीपीआई द्वारा इनका प्रतिदिन अनुश्रवण भी किया जाय।

4— निमार्ण योजनाओं की समीक्षा करने पर यह तथ्य पाया गया की 114 स्थानों पर टयूबवेल का कार्य पूर्ण हो चुका है। 33 ओवर हेड टैंक पर कार्य गतिमान होना बताया गया। 46 स्थानों पर पम्प लोवर का काम भी पूर्ण किये जाने का तथ्य अधिशासी अभियन्ता द्वारा प्रकाश मे लाया गया। शत—प्रतिशत पूर्ण होने वाली योजनाओं की संख्या नगण्य पायी गयी। कार्यदायी संस्था मेसर्स एल.सी.इन्फ्रा को निर्देशित किया गया कि योजनाओं को शत—प्रतिशत पूर्ण करने के उद्देश्य से कार्य मे प्रगति लाए तथा योजनाओं को पूर्ण करने की कार्य योजना प्रस्तुत करें।

5— 'हर घर जल' FHTC की प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि, वर्तमान सप्ताह में FHTC की प्रगति राज्य स्तर के औसत के सापेक्ष बहुत कम है। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को कड़ी कार्यवाही किये जाने की चेतावनी के साथ निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन कम से कम से 500 FHTC की प्रगति सुनिश्चित करें।

6— समीक्षा बैठक मे अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था के रूप मे मेसर्स जी.ए.विश्वनाथ तथा मेसर्स के.एल.एस.आर दो नयी संस्थाओं का जनपद मऊ के लिये आवंटन हो चुका है। दोनों कार्यदायी संस्थाओ के प्रतिनिधियों द्वारा आज की समीक्षा बैठक मे प्रतिभाग किया गया। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा बताया गया कि दोनों कार्यदायी संस्थाओं के लिये 372 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 255 ग्राम पंचायतों मे भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित हो चुकी है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि अवशेष ग्राम पंचायतों के लिये एक सप्ताह मे भूमि प्राप्त कर ली जाय। दोनों कार्यदायी संस्थाओं के उपस्थित प्रतिनिधियो को निर्देशित किया गया कि दिसम्बर के अन्त तक सभी डीपीआर प्रस्तुत कर दी जाय।

7— समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) एवं टीपीआई द्वारा अवगत कराया गया कि अधिकांश योजनाओं पर पाईप लाईन डालने हेतु सार्वजनिक मार्गों/सड़कों पर जो खुदायी की जाती है, उन मार्गों की मरम्मत करने में विलम्ब होने के कारण आवागमन बाधित होने के साथ—साथ दुर्घटना भी हो रही है, जिसके कारण ग्रामीणों द्वारा काफी आक्रोश व्यक्त किया जाता है, जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश देते हुये चेतावनी दी गयी, क्षतिग्रस्त मार्गों को एक सप्ताह में पुनर्व्यवस्थित न किये जाने की स्थिति में कार्यदायी संस्था के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

Scanned with OKEN Scanner

8— टीपीआई संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी संस्था मेसर्स एल.सी.इन्फ्रा द्वारा पाईपों का भण्डारण ठीक प्रकार से नहीं कराया जा रहा है। कतिपय पाईपों मे जंग लगा पाया गया। मेसर्स एल.सी.इन्फ्रा को निर्देशित किया गया कि जंग लगे हुये पाईपों की सफाई करते हुये एन.टी कोरोजन पेन्ट कराना सुनिश्चित करें। टीपीआई को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्य अपनी देख—रेख में सुनिश्चित करायें। पाईपों का भण्डारण उचित ढंग से कराया जाना सुनिश्चित किया जाय।

9— इम्प्लीमेन्ट सपोर्ट एजेन्सी (आईएसए) संस्थाओं के कार्यों के प्रगति की समीक्षा के दौरान जिला समन्वयक डीपीएमयू द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में समाज कल्याण ग्रामोद्योग संस्थान व अभिनव बाल एवं ग्रामोत्थान समिति दो संस्थायें कार्य कर रही हैं। जन कल्याण समिति के रूप में तीसरी आईएसए संस्था का आवटंन भी जनपद मऊ के लिये हुआ है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), मऊ के पत्रांक 1871 दिनांक 14.12. 2022 द्वारा 40 ग्राम पंचायतों का प्रथम क्लस्टर नयी संस्था को आवंटित किया जा चुका है। पूर्व से कार्यरत दोनो संस्थाओं को दो—दो क्लस्टर के रूप में ग्राम पंचायतों का आवंटन किया जा चुका है। समाज कल्याण को प्रथम क्लस्टर 40 ग्राम पंचायत में दिनांक 24.07. 2021 से दिनांक 23.07.2022 तथा द्वितीय क्लस्टर 40 ग्राम पंचायत में दिनांक 13.09.2022 से दिनांक 12.09.2023 तक तीन—तीन फेज (3 माह, 6 माह, 3 माह) में कार्यो को पूर्ण करने हेतु कार्यादेश जारी किये गये हैं। अभिनव बाल एवं ग्रामोत्थान संस्थान को प्रथम क्लस्टर 40 ग्राम पंचायत में दिनांक 05.08.2021 से 04.08.2022 तक तथा द्वितीय क्लस्टर 35 ग्राम पंचायत में दिनांक 13.09.2022 से दिनांक 12.09.2023 तक तीन—तीन फेज (3 माह, 6 माह, 3 माह) में कार्यो को पूर्ण करने हेतु कार्यादेश जारी किये गये हैं। दोनो संस्थाओं द्वारा किये गये कार्यो की प्रगति का विवरण निम्न पाये गये ।

| क0सं0 | आईएसए संस्था का नाम | क्लस्टर एवं फेज | विगत प्रगति 17.11.2022 | वर्तमान प्रगति 15.12.2022 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | समाज कल्याण ग्रोद्योग संस्थान | क्लस्टर प्रथम— प्रथम फेज | 94.89 प्रतिशत | 94.89 प्रतिशत |
| | | क्लस्टर प्रथम— द्वितीय फेज | 79.32 प्रतिशत | 100.00 प्रतिशत |
| | | क्लस्टर द्वितीय— प्रथम फेज | 72.54 प्रतिशत | 90.16 प्रतिशत |
| | | क्लस्टर द्वितीय— द्वितीय फेज | 71.42 प्रतिशत | 90.10 प्रतिशत |
| 2 | अभिनव बाल एवं ग्रामोत्थान समिति | क्लस्टर प्रथम— प्रथम फेज | 93.36 प्रतिशत | 93.36 प्रतिशत |
| | | क्लस्टर प्रथम— द्वितीय फेज | 47.88 प्रतिशत | 78.17 प्रतिशत |
| | | क्लस्टर द्वितीय— प्रथम फेज | 20.40 प्रतिशत | 58.00 प्रतिशत |
| | | क्लस्टर द्वितीय— द्वितीय फेज | 35.89 प्रतिशत | 75.00 प्रतिशत |

उपरोक्त प्रगति विवरण से स्पष्ट है कि विगत माह की समीक्षा बैठक में प्रस्तुत प्रगति के सापेक्ष वर्तमान माह की प्रगति मे सुधार परिलक्षित हो रहा है। अभिनव बाल एवं ग्रामोत्थान समिति द्वारा कार्यो मे सुधार तो हुआ है परन्तु अभी—भी सुधार की आवश्यकता है। प्रथम क्लस्टर के द्वितीय फेज एवं द्वितीय क्लस्टर के प्रथम फेज की प्रगति संतोषजनक नही है। निर्धारित समय व्यतीत होने के बावजूद शत—प्रतिशत अपेक्षित लक्ष्य पूर्ण नही है। अभिनव बाल एवं ग्रामोत्थान समिति को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिये जाते हैं। नयी संस्था जन कल्याण समिति को निर्देशित किया जाता है कि आवंटित क्लस्टर के 40 ग्राम पंचायतों के लिये अपने

Scanned with OKEN Scanner

कार्मिकों की सूची डीपीएमयू को उपलब्ध कराते हुये नियत अवधि में निर्धारित गतिविधियों को सम्पादित करना सुनिश्चित करें।

उक्त पर अनुपालन आख्या एक सप्ताह के अन्दर प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये गये।

03/01/23

(प्रशांत नागर)
आई.ए.एस
मुख्य विकास अधिकारी
मऊ।

# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी,मऊ

पत्रांक ॥ / W-06 / 02 दिनांक 3-1-2023

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1— अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग), लखनऊ।

2— जिलाधिकारी महोदय, मऊ को सादर अवलोकनार्थ।

3— अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण),मऊ को इस निर्देश के साथ कि स्वयं अनुश्रवण कर समस्त कार्य निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

03/01/23

मुख्य विकास अधिकारी
मऊ।

Scanned with OKEN Scanner